आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–26 नवम्बर 2025 **भोजपुरी समाचार**

आज पूरे देश में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता प्रत्येक नागरिक को एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने संविधान दिवस के अवसर पर देश के नाम पत्र लिख कर उन्नीस सौ उन्चास में संविधान को ऐतिहासिक रूप से अंगीकार किए जाने का स्मरण किया है। एक रिपोर्ट–

राष्ट्र की प्रगति में संविधान की स्थायी भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि 2015 में सरकार ने इस पवित्र दस्तावेज के सम्मान में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखने और अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मजबूत करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा भारत एक विकसित और सशक्त राष्ट्र बनने के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के संविधान की मूल प्रति हर घर में होनी चाहिए।

भारत का यह संविधान, भारत के संविधान की वह मूल प्रति, उस संविधान की मूल प्रति को जिसे छब्बीस नवम्बर उन्नीस सौ उन्चास को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की नेतृत्व की ड्रॉफ्टिंग कमेटी ने संविधान सभा को सौंपा था। उस प्रति को अगर आप देखेंगे और मैं तो मानता हूं कि हर भारतवासी के घर में वह प्रति होनी चाहिए और उसकी प्रस्तावना का वाचन हर परिवार में होना चाहिए।

प्रदेश के सभी जिलों में सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई।

****

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया के तहत बूथ लेवल ऑफिसर–बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र भरवाने का काम जारी है। वाराणसी के जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने आज वहां के कई बूथों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि सभी लोग गणना प्रपत्र जरूर भरें। इसे भरने में अगर कोई कठिनाई हो तो सम्बन्धित बीएलओ से सम्पर्क करें।

****

काशी तमिल संगमम को देखते हुए उन्तीस नवम्बर से बारह दिसंबर तक कन्याकुमारी, चेन्नई और कोयंबटूर से बनारस के बीच सात रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। साथ ही पांच से सत्रह दिसंबर तक वापसी के लिए रेलगाड़ियां चलेंगी। पहली रेलगाड़ी उन्तीस नवम्बर को कन्याकुमारी से रवाना होगी और पहली दिसंबर को बनारस पहुँचेगी।

****

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती अभियान के तहत आज मऊ जिले में 'एकता पदयात्रा' निकाली गयी। जिले के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भी पदयात्रा में हिस्सा लिया।

****

गोवा में छप्पनवां अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव जारी है। इस दौरान आज एक फिल्म क्रिटिक गोलमेज संवाद आयोजित किया गया। एक रिपोर्ट–

फिल्म समीक्षक की भूमिका और प्रभाव पर कला अकादमी में एक फिल्म क्रिटिक गोलमेज संवाद आयोजित किया गया। पत्रकार तथा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बरद्वाज रंगन ने बताया कि इक्कीसवीं सदी में फिल्म समीक्षा लोकतांत्रिक हो गई है और इस में बंधन काफी कम हुए हैं। हालांकि दूसरी तरफ नकारात्मकता को भी इससे बढ़ावा मिला है। वहीं फिल्म समीक्षक एलिजाबेथ कर ने सोशल मीडिया और पेड आर्टिकल्स के जमाने में चुनौतियों के साथ–साथ समीक्षा में अपनी आवाज खोजने को लेकर बात की। निखिल और सायरा के साथ, आदर्श, आकाशवाणी समाचार, पणजी।

****

जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद बाइस सितम्बर से जीएसटी बचत उत्सव शुरू हुआ। एक रिपोर्ट–

जीएसटी कर में सुधारों से स्वास्थ्य सेवा को किफायतई सुलभ और निवारक बनाने में मदद मिली है। 33 जीवन रक्षक दवाइयों पर वस्तु एवं सेवा कर पुरी तरह से माफ कर दिया गया है और अवश्यक दवाओं पर केवल 5 प्रतिशत कर है, जो पहले 12 प्रतिशत था। चिकित्सा उपकरणों पर लगने वाले जीएसटी कर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इन उत्पादों पर 12 प्रतिशत कर लगता था। जीएसटी कर कम होने से नागरिकों को अस्पतालों, निदान केन्द्रों और क्लिनिकों से स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करना आसन और सस्ता हो गया है। वहीं, व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पर भी कर समाप्त कर दिया गया है, जिससे स्वास्थ्य बीमा को व्यापक रूप से अपनाया जा रहा है। रीशु जायसवाल के साथ रहीसुद्दीन रिहान, आकाशवानी समाचार दिल्ली।

****

लखीमपुर खीरी जिले के पढ़ुआ थानाक्षेत्र में बीती रात ढखेरवा–गिरजापुरी हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार शारदा नहर में गिर गई। इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर तौर पर घायल है।

****